**प्रश्न 2:**
शरद ऋतु और भादों में अंतर स्पष्ट कीजिए।
**उत्तर –**
भादों के महीने में काले-काले बादल घुमड़ते हैं और तेज बारिश होती है। बादलों के कारण अँधेरा-सा छाया रहता है। इस मौसम में जीवन रुक-सा जाता है। इसके विपरीत, शरद ऋतु में रोशनी बढ़ जाती है। मौसम साफ़ होता है, धूप चमकीली होती है और चारों तरफ उमंग का माहौल होता है।

**प्रश्न 3:**
शरद का आगमन किसलिए होता है?
**उत्तर –**
शरद का आगमन बच्चों की खुशियों के लिए होता है। वे पतंग उड़ाते हैं। वे दुनिया की सबसे पतली कमानी के साथ सबसे हलकी वस्तु को उड़ाना शुरू करते हैं।

**प्रश्न 4:**
बच्चों के बारे में कवि ने क्या-क्या बताया है?
**उत्तर –**
बच्चों के बारे में कवि बताता है कि वे कपास की तरह नरम व लचीले होते हैं। वे पतंग उड़ाते हैं तथा झुंड में रहकर सीटियाँ बजाते हैं। वे छतों पर बेसुध होकर दौड़ते हैं तथा गिरने पर भयभीत नहीं होते। वे पतंग के साथ मानो स्वयं भी उड़ने लगते हैं।

www.dreamtopper.in

**प्रश्न 5:**
प्रस्तुत काव्यांश में कवि ने 'सबसे' शब्द का प्रयोग कइ बार किया हैं, क्या यह सार्थक हैं?
**उत्तर –**
कवि ने हलकी, रंगीन चीज, कागज, पतली कमानी के लिए 'सबसे' शब्द का प्रयोग सार्थक ढंग से किया है। कवि ने यह बताने की कोशिश की है कि पतंग के निर्माण में हर चीज हलकी होती है क्योंकि वह तभी उड़ सकती है। इसके अतिरिक्त वह पतंग को विशिष्ट दर्जा भी देना चाहता है।

**प्रश्न 6:**
किन-किन शब्दों का प्रयोग करके कवि ने इस कविता को जीवत बना दिया हैं?
**उत्तर –**
– तेज बौछारें गई – भादों गया
– नयी चमकीली तेज साइकिल – चमकीले इशारे
– अपने साथ लाते हैं कपास – छतों को भी नरम बनाते हुए

**प्रश्न 7:**
'किशोर और युवा वर्ग समाज के मागदशक हैं।' –'पतंग' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।
**उत्तर –**
कवि ने 'पतंग' कविता में बच्चों के उल्लास व निभीकता को प्रकट किया है। यह बात सही है कि किशोर और युवा वर्ग उत्साह से परिपूर्ण होते हैं। किसी कार्य को वे एक धुन से करते हैं। उनके मन में अनेक

कल्पनाएँ होती हैं। वे इन कल्पनाओं को साकार करने के लिए मेहनत करते हैं। समाज में विकास के लिए भी इसी एकाग्रता की जरूरत है। अत: किशोर व युवा वर्ग समाज के मार्गदर्शक हैं।

## स्वयं करें

1. उन परिवर्तनों का उल्लेख कीजिए जो भादों बीतने के बाद प्रकृति में दृष्टिगोचर होते हैं।
2. शरद ऋतु के आगमन के प्रति कवि की कल्पना अनूठी है, स्पष्ट कीजिए।
3. शरद ऋतु का आकाश पर क्या प्रभाव पड़ता है, और कैसे?
4. पृथ्वी का प्रत्येक कोना बच्चों के पास अपने-आप कैसे आ जाता है?
5. भागते बच्चों के पदचाप दिशाओं को किस तरह सजीव बना देते हैं ?
6. हल्की, रंगीन पतंगों और बालमन की समानताएँ स्पष्ट कीजिए।
7. निम्नलिखित काव्यांशों के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए

   **(अ)** छतों को भी नरम बनाते हुए<br>
   दिशाओं को मृदंग की तरह बजाते हुए<br>
   जब वे पेंग भरते हुए चले आते हैं<br>
   डाल की तरह लचीले वेग से अकसर।

**(क)** मृदग जैसी ध्वनि कहाँ से उत्पन्न हो रही हैं? उसका क्या प्रभाव पड़ रहा हैं?<br>
**(ख)** काव्यांश का भाव स्पष्ट कीजिए।<br>
**(ग)** काव्यांश का शिल्प-सौंदर्य लिखिए।

**(ब)** अगर वे कभी गिरते हैं छतों के खतरनाक किनारों से<br>
और बच जाते हैं तब तो<br>
और भी निडर होकर सुनहले सूरज के सामने आते हैं<br>
पृथ्वी और भी तेज घूमती हुई आती है<br>
उनके बेचैन पैरों के पास।

**(क)** काव्यांश का भाव स्पष्ट कीजिए।<br>
**(ख)** काव्य-पक्तियों का अलकार-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए।<br>
**(ग)** काव्यांश की भाषा की दी विशेषताएँ लिखिए।

www.dreamtopper.in